पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका-2 कक्षा- 4

दिनांक : 17 फरवरी, 2022

पाठ -11 गुरुभक्त आरुणि

1 प्रः निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए ।

क) प्रस्थान ख) व्यग्रता

ग) कर्तव्यनिष्ठा घ) अधीरता

2 प्रः निम्नलिखित शब्दों के विशेषण शब्द भरिए ।

क) _____ गति

ख)______ऋषि

3 प्रः अनुस्वार तथा अनुनासिक के दो - दो शब्द लिखिए 1

4 प्र : निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

क) ठंड ख) वर्षा

ग) अंधकार

5 प्र : अभाव, सुरक्षा तथा प्रस्थान शब्दों में से उपसर्ग छाँटकर लिखिए ।

उत्तर

1 क) जाना ख) बेचैनी

ग अपने काम के प्रति ईमानदारी घ) बेचैनी

2 क) तीव्र गति ख) महान ऋषि

3 अनुस्वार वाले शब्द

जंगल बंदर संध्या

अनुनासिक वाले शब्द

गाँव साँप आँधी

4 पर्यायवाची शब्द

क) ठंड – सरदी, जाड़ा

ख) वर्षा - बारिश, बरसात

ग) - अंधेरा, तम

5 निम्न शब्दों में उपसर्ग हैं-

क) अभाव - अ
ख) सुरक्षा - सु
ग) प्रस्थान - प्र

पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका - 3

कक्षा - 4

पाठ -11 गुरुभक्त आरुणि

प्रः उ

1 प्रः धान रोपने के लिए किसका संग्रह करना आवश्यक है? .

2 प्रःमहर्षि धौम्य क्यों चिंतित थे?

3 प्रः जब आरुणि को पानी को रोकने का कोई उपाय नहीं सूझा तो उसने क्या किया ?

4 प्रः महर्षि धौम्य ने आरुणि को खेत में क्यों भेजा था ?

उत्तर : धान रोपने के लिए जल का संग्रह करना आवश्यक है।

2 उः वर्षा होने वाली थी और खेत में मेड़ अभी तक नहीं बाँधी गई थी इसलिए महर्षि धौम्य चिंतित थे।

3 उः जब आरुणि को पानी को रोकने का कोई उपाय नहीं सूझा तो वह स्वयं मेड़ बनकर लेट गया।

4 उः- महर्षि धौम्य ने आरुणि को खेत में मेड़ बाँधने के लिए भेजा था।